Rubella vaccination Notice- The Government of India Is Conducting a Compulsory Measles, Rubella Vaccination Programmer for Children Till 15 Years of Age for Classes 1 to 8th.



अपील

प्रदेश में चल रहे खसरा रूबेला अभियान को दुष्प्रभावित करने के लिये सोशल मीडिया में चल रहे भ्रामक एन0डी0टी0वी0 न्यूज वीडियो के संबंध में।

समस्त प्रदेश वासियों को अवगत कराना है कि प्रदेश में चल रहे खसरा रूबेला अभियान को दुष्प्रभावित करने के लिये कुछ शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया में एन0डी0टी0वी0 न्यूज वीडियो क्लिप वायरल की जा रही है। यह पूरी तरह भ्रामक, असत्य और तथ्यहीन है। यह वीडियो वर्ष 2010 में मोहनलालगंज, लखनऊ में नियमित टीकाकरण सत्र पर हुई घटना के संबंध में है, तथा इसका वर्तमान में चल रहे खसरा रूबेला अभियान से कोई संबन्ध नहीं है। एम0आर0 वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं प्रभावी है। अभियान के पहले दो दिनों में प्रदेश में करीब 50 लाख बच्चों को एम0आर0 वैक्सीन सफल एवं सुरक्षित रूप से लगाई जा चुकी है।

प्रदेश के सभी 09 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को खसरा रूबेला अभियान के तहत एक डोज एम0आर0 टीके की लगाई जानी है। यह एक अतिरिक्त डोज है और पूर्व में प्रतिरक्षित बच्चों को भी दी जानी है। आप सबसे अपील है कि इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, जिससे कि खसरा और रूबेला जैसी भयानक बीमारियों से प्रदेश के बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को बचाया जा सके।

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु अपने जनपद के जिला प्रतिरक्षण अधिकारी अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

डा0 नीना गुप्ता,
महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।

26 नवम्बर से प्रारम्भ खसरा रूबेला टीकाकरण अभियान को दुष्प्रभावित करने के उद्देश्य से कुछ तत्वों द्वारा सोशल मीडिया में एन0डी0टी0वी0 की एक पुरानी वीडियो क्लिप वायरल की जा रही है, जो की पूरी तरह से असत्य एवं भ्रामक है। इस सम्बन्ध में मैं सभी से अपील करती हूँ कि ऐसे आधारहीन मैसेज से प्रभावित न हों तथा अपनें बच्चों को एम0आर0 का टीका अवश्य लगवायें। यह पूर्णतया सुरक्षित है।

डा0 पियाली भट्टाचार्य
अध्यक्ष, इण्डियन एकेडेमी आफ पीडियाट्रिक्स, उत्तर प्रदेश।

-: राज्य स्तरीय सम्पर्क सूत्र :-
डा0 ए0पी0 चतुर्वेदी, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी, मोबाइल - 9838502459
डा0 वेद प्रकाश, महाप्रबन्धक, आर0आई0, मोबाइल - 7897829999

Follow us on https://www.facebook.com/NationalHealthMission.UP https://twitter.com/nhm_up

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश - टोल फ्री नं0 / राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश - टोल फ्री नं0

PRINCIPAL
Dr. A. K. Public School
Tamsa Marg Akbarpur
Ambedkar Nagar